खबर संक्षेप

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का मंडला आगमन आज

मण्डला। बिछिया के कांग्रेस विधायक नारायण पट्टा के घर में प्रशिक्षु आईएएस के द्वारा जेसीबी ड्राइवर और भाई के साथ मारपीट व मां को धक्का देने के मामले में राजनीति गर्मा गई है। ट्रेनी आईएएस के खिलाफ घुघरी थाने में आवेदन दिये गये हैं लेकिन एफआईआर नहीं हुई है। अब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी 11 फरवरी को मंडला आकर एफआईआर दर्ज कराएंगे। जानकारी के मुताबिक शनिवार को दोपहर करीब एक बजे घुघरी एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस आकिप खान मिट्टी खनन के मामले में जेसीबी ऑपरेटर का पीछा करते हुए विधायक नारायण पट्टा के घर में घुस गए थे। यहां जेसीबी ऑपरेटर के साथ मारपीट की। उसे बचाने आई विधायक की माँ को धक्का दिया और विधायक के भाई के साथ भी हाथापाई की थी। हालांकि यहांग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एसडीएम ने माफी मांग ली थी लेकिन जेसीबी ऑपरेटर और महिलाओं के द्वारा घुघरी थाने में आवेदन दिया गया। इस मामले में अब राजनीति गर्मा गई है और कांग्रेस के प्रदेश संगठन के पदाधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस मीडिया प्रभारी विवेक दुबे ने बताया है कि प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी 11 फरवरी को मंडला आ रहे हैं। यहां इस घटना में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राष्ट्रीय सचिव कुनाल चौधरी समेत अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने ट्रेनी आईएएस द्वारा विधायक के घर में घुसकर की गई मारपीट की निंदा करते हुए विरोध दर्ज कराया है। सभी ने आईएएस पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों पर विशेष फोकस करें अधिकारी-कलेक्टर

प्रतिदिन रिपोर्ट करें सीएम हेल्पलाईन का स्टेटस

*** समय सीमा की बैठक में दिये निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि सभी जिलाधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों पर फोकस करें। प्रत्येक कार्यालय प्रमुख प्रतिदिन सीएम हेल्पलाईन का स्टेटस रिपोर्ट करें। अपने.अपने विभागों की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराने के लिए लगातार समीक्षा करें, जिससे प्रदेश में जिले की स्थिति बेहतर बनी रहे। कलेक्टर ने विभागवार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रकरणों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक लम्बित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। प्रत्येक विभाग राज्य स्तर पर विभागवार रैंकिंग में अपना स्थान टॉप 5 में सुनिश्चित करें। माननीय उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरणों के संबंध में समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण में हमें समय पर कार्यवाही करते हुए कंप्लायंस जमा कराने हैंए इसके लिए विभाग प्रमुख इस कार्य को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करें। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि 31 जनवरी को प्रमुख सचिव द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार प्रत्येक विकासखंड में प्रतिदिन के लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें और 15 फरवरी तक समस्त कार्य संपादित करें। विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदाय के संबंध में निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए पूरी तैयारी करें। निःक्षय अभियान, नेत्र ज्योति तथा आयुष्मान कार्ड के संबंध में उन्होंने कहा कि भोपाल से जिन इंडीकेटर्स पर रिव्यू किया जाता है उन पर विशेष फोकस करें। ई ऑफिस परियोजना क्रियान्वयन के संबंध में उन्होंने कहा कि 30 मार्च तक यह कार्य पूर्ण किया जाना हैए इसके लिए विभागवार ट्रेनर्स की सूची तैयार करें। सभी अधिकारियों का स्टेटस वेरीफिकेशन कर लें। साथ ही साथ चैकलिस्ट बनाते हुए डिजिटल सिग्नेचर अथवा ई सिग्नेचर का डेटा भी आवश्यक रूप से प्राप्त कर लें। योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमटए अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंहए अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंहए संयुक्त कलेक्टर श्री सीएम वर्माए श्री जेपी यादवए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ एवं आशुतोष ठाकुर, समस्त एसडीएम तथा जिलाधिकारी उपस्थित थे।

राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारीए कर्मचारी एक टीम के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों पर लगातार सुनवाई करें तथा गुणदोष के आधार पर यथोचित निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि नामांतरणए बंटवाराए सीमांकनए पीएम किसान सम्माननिधिए तथा अभिलेख दुरूस्ती सहित अन्य प्रकरणों को समय पर निराकृत करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम एक सप्ताह में तहसील कार्यालयों का भ्रमण करते हुए कार्य में प्रगति लाएं। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंहए अपर कलेक्टर अरविंद सिंहए संयुक्त कलेक्टर जेपी यादवए सीएल वर्माए डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ सहित समस्त तहसीलदार सहित संबंधित उपस्थित थे।

बाघ का हमला, दो को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

परिक्षेत्र गढ़ी बफर जोन कान्हा टाईगर रिजर्व के बीट गढ़ी के डेयरीफार्म के समीप काशमीरी नाला में दिनांक 09.02.2025 को समय लगभग 12:30 चउ बजे बाघ द्वारा 02 व्यक्ति हरेसिंह वल्द गुहरासिंह मेरावी उम्र 60 वर्ष एवं सुरपसिंह वल्द ज्ञानसिंह कुशरे उम्र 59 वर्ष साकिन-नुनकाटोला को घायल कर दिया गया था। दोनों घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार केन्द्र गढ़ी में बुनियादी इलाज उपरांत कान्हा टाईगर रिजर्व की ऐम्बुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट भेजा गया था। जहां डॉक्टर द्वारा ईलाज जारी है। डॉक्टर द्वारा दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायलों को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है। तथा ईलाज उपरांत ईलाज की राशि भी खाते में भेज दी जायेगी। क्षेत्र संचालक एवं उपसंचालक द्वारा घटना क्षेत्र का निरीक्षण कर हाथी दल एवं स्टॉफ द्वारा संघन गश्ती कराई जा रही है। आस-पास के ग्रामों में ग्रामीणों को सतर्क रहने की मुनादी की गई है।

इंटरनेट सुरक्षा दिवस कार्यशाला आज

मण्डला। बेहतर इंटरनेट सुरक्षा के उद्देश्य से मंडला में 11 फरवरी 2025 को जनसुनवाई के पश्चात जिला योजना भवन में सुरक्षित इंटरनेट दिवस की कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिला ई-गवर्नेंस समिति के तहत एनआईसी मंडला द्वारा आयोजित की जा रही इस वर्कशॉप में इंटरनेट की सुरक्षा और जागरूकता को किस तरह बढ़ावा दिया जाये ? इस संवेदनशील विषय पर परिचर्चा होगी। जिसका उद्देश्य, लोगों को ऑनलाइन सुरक्षित तरीके से काम करने के लिए प्रेरित करना होता है। उक्त कार्यशाला में सभी जिलाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में पूर्व तैयारी जरूरी-कलेक्टर

*** जिला आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिला आपदा प्रबंधन कार्यशाला रानी दुर्गावती महाविद्यालय के ऑडीटोरियम में सोमवार को आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाढ़ए अतिवृष्टिए संक्रामक रोग, आग आदि आपदाएं आकस्मिक रूप से हमारे सामने आती हैंए इसके लिए हमें पहले से ही सतर्क रहते हुए एक टीम के रूप में इनसे निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ अन्य आकस्मिक घटनाओं के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, फॉरेस्ट, एसडीआरएफ आदि विभाग अपनी ओर से इस तरह के पीपीटी तैयार करें, इसी माह में मॉकड्रिल भी करें जिससे संबंधित अमले में इन विषयों को लेकर जागरूकता आए। इस तरह की आगे भी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे हमारी पूर्व तैयारी बेहतर हो सकेगी। इस कार्यशाला के दौरान राजस्व, कृषि, एमपीईबी, नगरपालिका, जल संसाधन विभाग तथा एसडीआरएफ ने आपदाओं के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएम वर्मा, जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ एवं आशुतोष ठाकुर, समस्त एसडीएम, तहसीलदार तथा जिलाधिकारी उपस्थित थे।

जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएम मॉनिट के प्रस्तावित चार कार्यों एवं अन्य विभागों से प्रस्तावित 27 कार्यों को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जयदत्त झा, डीएफओ श्रीमती ऋषिभा सिंह तेकाम, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह सहित संबंधित उपस्थित थे।

शासकीय कर्मचारियों सहित वाहन चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

मण्डला। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में आयोजित नेत्र ज्योति शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सभी शासकीय अधिकारीए कर्मचारियों सहित वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण आवश्यक करें। शिविर में शासकीय अमला ने भी उत्साहपूर्वक अपना नेत्र परीक्षण कराया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमटए अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंहए अपर कलेक्टर अरविंद सिंहए संयुक्त कलेक्टर जेपी यादवए सीएल वर्माए डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ सहित समस्त तहसीलदार सहित संबंधित उपस्थित थे।

अनदेखी | **बिना अनुमति कृषकों की जमींन के अंदर डाल दी पाईप लाईन।**

पाईप लाईन डालने खोद दिये सड़क और खेत

*** किसकी अनुमति से खोदी जा रही सड़कें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास

बीते कुछ महीने से जिले की निवास तहसील के आसपास के अनेकों गांवों में जल निगम के तहत जेट वर्क कंपनी द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है, इन पाइपों से आम जनता को निर्बाध जल कब तक मिलेगा ये कहा नहीं जा सकता लेकिन इनके कर्ता धर्ताओं ने ग्रामीणों की मनाही के बावजूद खेत बाड़ी और ग्रामीण आवागमन के लिए बनाई गई प्रधानमंत्री सड़क की पटरी तक को खोद कर पूरी तरह खराब कर डाला है।

ज्ञात हो कि उक्त कार्य खुदरी जलाशय से हर गाँव पानी पहुँचाने के लिये किया जा रहा है, जल स्टोर कर आपूर्ति के लिये बनाई जा रहीं टंकियों की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में हैं।

हरिभूमि निवास प्रतिनिधि ने ग्रामीणों की शिकायत पर जब बस्तरी, कटंगसिवनी, व चौरा दादर आदि गांवों का दौरा किया तो देखा कि कंपनी ने जेसीबी की सहायता से रोड की पटरी खोदकर लाइन तो डाल दी पर इसको यथावत करने रोलर आदि चलाना जरूरी नहीं समझा, वहीं खानापूर्ति की जिओ टैगिंग करने हेतु कुछ जगहों/रोड़ पर रोलर चलाते वीडियो फोटो आदि लिये गये हैं जिसे भी ग्रामीणों ने रस्म अदायगी कहा है।

चौरादादर गांव के निवासी कई वर्षों से शुद्ध जल के लिये तरस रहे हैं, इस बीच कुछ हैंडपंपों का खनन भी हुआ है जिनसे इनको कुछ सहूलियत तो मिली,वहीं जल निगम का अमानक कार्य कछुआ गति से चल रहा है और इनके द्वारा डाले गये जलापूर्ति पाइप खाली हैं, साथ ही पानी की टंकियों का निर्माण भी सुचारू रूप से नहीं हो रहा। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते चौरादादर के निवासी अभी भी पोखर के दूषित पानी को नहाने व दैनिक उपयोग करने मजबूर हैं।

यू आकर की रोड का चक्कर छोड़ बीच खेत बाड़ी से डाली गई पाइप

उक्त कंपनी के जिम्मेदारों ने योजना में खर्च की जाने वाली राशि को हड़पने की जुगत में किसानों के खेत/बाड़ी के बीच से जल पाइप दबा दिया, ऐसा इसलिये कि रोड़ किनारे से पाइप डालने में बजट ज्यादा खर्च करना पड़ता, यही कारण है कि इन्होंने यू टर्न की रोड़ के एक सिरे से दूसरे सिरे तक पाइप बिछाने में न किसानों के खेत बाड़ी देखी और न ही लगी फसल पर ही रहम खाया।

भविष्य में योजना को संचालित करने वालों को होगी दिक्कत

हाल में कंपनी को तो मालूम है कि कहाँ से पानी पाइप डाले गये हैं, कार्य एजेंसी के एक जिम्मेदार कर्मचारी का कहना है कि इस कार्य का हमारे द्वारा दस वर्ष मेंटिनेंस किया जायेगा, और कार्य का जिओ टैग हो रहा है, लेकिन जब उक्त खेत या बाड़ी में मकान आदि का निर्माण हो जायेगा तब जिम्मेदार एजेंसी या प्रशासन क्या करेगा, और ऐसी स्थिति में मरम्मत आदि कार्य कैसे होगा और क्या तब आदिवासियों के मकान भी ढहा दिये जाएंगे।

वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण विकास एवं शोध समिति में मंडला जिले के युवाओं का रहा योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण विकास एवं शोध समिति पटना कला मझगवा जिला सतना मध्यप्रदेश के आह्वान पर वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म जयंती वर्ष, भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम के अंतर्गत पांच राज्यों में उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल एवं मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों 150 विकासखंडों एवं 500 गांव में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम जैसे जनजातीय गौरव गाथा यात्रा, समरसता भोज, गायत्री यज्ञ, सभा ,सेमिनार स्कूली छात्रों का प्रोत्साहन, जनजाति गौरव गाथा की प्रदर्शनी सेवा क्षेत्र में कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है एवं समितियां की बैठक भी की जा रही है जिसमें मंडला जिले से युवाओं की टीम जनजातीय गौरव समिति से प्रेरित होकर पहुंची कालिंजर दुर्ग (बांदा) युवाओं ने बताया कि आज ऐतिहासिक और गौरव का दिन हमारे लिए हम उसे महान धरती के दर्शन करने का सौभाग्य मिला जहां हमारी गोंडवाना साम्राज्य की महान वीरांगना महारानी दुर्गावती मरावी की जन्म स्थान कालिंजर दुर्ग की भूमि को नतमस्तक प्रणाम करने का अवसर मिला जिस कलिंजर पर महान वीरांगना का जन्म हुआ महारानी दुर्गावती जी के मायके में बहुत ही शानदार अगवानी हुई मन गर्व से भर गया मानो रानी जी के बारात में आए हो साथ में हम रानी मां के जन्म स्थान से निशानी के लिए उसे विशाल महल की भूमि से पवित्र मिट्टी को रज कलश में भरकर विदा हुए हैं कलिंजर महान वीरांगना का जन्म हुआ वहां के निवासियों को उनकी महानता, बहादुर, शौर्य, पराक्रम, वीरता से अवगत कराया एवं साथ ही आश्चर्य हुआ कि वहां के निवासियों को महारानी दुर्गावती जी के बारे में बहुत ही कम जानकारी है तथा हमारे द्वारा उत्तर प्रदेश के निवासियों से वादा किया गया कि रानी के बारे में जन-जन तक उनकी गाथा को पहुंचाएंगे हम गढ़ा मंडला और कालिंजर की में की और ससुराल वाली रिश्ते को अटूट बंधन में बंधी रखेंगे। तथा कलिंजर के प्रधान सरपंच जी को, ग्रामवासियों के स्वागत, सत्कार के लिए हम उनका सदा आभारी रहेंगे। युवाओं की टीम में शामिल हुए सदस्य प्रमोद मरावी (यूथ कोऑर्डिनेटर मझगांव) सोमेंद्र कुशराम (पेसा जिला समन्वयक मंडला) सोनू लाल मरावी (ब्लॉक समन्वयक बिछिया) जतन उइके समाजसेवी, कमलेश पावले संतोष सरोते (ग्राम पेसा मोबिलाइजर) आदि।

खबर संक्षेप

दो हजार के बदले पांच हजार नहीं दिये तो कर दी मारपीट

गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि पैसा वाले लोग किसी की मजबूरी का फायदा किस तरह उठाते है इस बात की सच्चाई बीते हुये दिवस ग्राम सूरना में देखने मिली जब उधार दिये गये दो हजार रूपया के बदले पांच हजार की मांग की गई और पीड़ित द्वारा देने में असहमति जताये जाने पर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सूरना निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैने जरूरत पढ़ने के चलते दीपावली के पहले ग्राम सूरना ही निवासी मुन्ना जी कौरव से 2000 रूपये गन्ना लगाने के लिए लिये थें। लेकिन मेरा काम करेली में लग गया था तो मुन्ना जी कौरव ने प्रार्थी को फोन कर बोला कि मेरा काम करो नही तो पैसे वापस करो। इसी के चलते बीते हुये दिवस जब प्रार्थी अपने ग्राम सूरना बहन एवं पत्नि के साथ गया था। इस दौरान प्रार्थी द्वारा मुन्ना जी कौरव को 2000 रूपये वापस करने लगा तो मुन्ना जी कौरव कहने लगा मुझे 5000 रूपये चाहिये। इस दौरान प्रार्थी ने कहा कि 2000 रूपये लिये है थोडे ज्यादा ले लो 5000 रूपये नही दे पाऊंगा। इसी बात को लेकर मुन्ना जी कौरव का लडका नीलेश कौरव आ गया और दोनो पिता पुत्र ने मिलकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जब प्रार्थी की बहिन व पत्नी द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

शराब के लिये पैसा न देने पर की मारपीट

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये नगर के शिवाजी वार्ड निवासी तथा नगर पालिका में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बीते हुये दिवस अपने घर से नगर पालिका ड्यूटी हेतु जा रहा था कि तभी वहां अनुसूचित जनजाति छात्रावास के पास मुझे मोहल्ले का प्रमोद राजपूत मिला और मुझसे बोला की मुझे शराब पीने के लिए 500 रूपया दे । तब मैनें उससे कहा की मेरे पास पैसे नही है तो प्रमोद राजपूत द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

माँ ने बेटे को शराब के लिये पैसा नही दिये तो बेटा ने की मारपीट

गाडरवारा। इस दुनिया में माँ व बेटे के बीच का रिस्ता इस तरह का होता है कि बेटा जिन्दगी भर भी माँ की सेवा करे तो उसका कर्ज नही चुका सकता है..। मगर कुछ बेटे इस तरह से भी होते है कि अपनी बुरी आदतों के लिये माँ के साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर की पुराना गल्ला मंडी में उस समय देखने मिली जब बेटे ने अपनी माँ से शराब पीने के लिये पैसा मांगे तो माँ द्वारा पैसा देने से इंकार किये जाने के चलते बेटा ने उसके साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुसिल थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के पुराना गल्ला मंडी निवासी एक पीड़ित मौ द्वारा अपने बेटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके छोटे लड़के बीरू द्वारा शराब पीने के लिये पैसा मांग गये तो प्रार्थिया के पास पैसा न होने पर देने से मना किये जाने की बात को लेकर आरोपी पुत्र द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई जाने पर पुलिस द्वारा माँ की शिकायत पर आरोपी पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

संपूर्ण तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गाडरवारा पोस्ट आफिस में संचालित हो रहा एक मात्र केन्द्र, सुबह पांच बजे से सड़क पर दिखाई देने लगती है लम्बी लाईन

आधार कार्ड अपडेट न होने से परेशान हो रहे अभिभावक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर सरकार द्वारा शासकीय हर कार्य में आधार कार्ड को अनिवार्य किया जा रहा है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब लोगों के पास आधार ही नही होगे या फिर पूर्व में बनाये गये आधार कार्डो में जो गलतियाँ हुई है उनका सुधार नही हो पायेगा तो फिर शासन की योजनाओं का लाभ कैसे मिल पायेगा..? क्योंकि इस समय केन्द्र सरकार के आदेश पर शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलो के साथ साथ निजी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले सभी छात्र छात्राओं की अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। बताया जाता है कि अपार आईडी से हर छात्र का पूरा पढ़ाई संबंधी विवरण उपलब्ध रहेगा। इस तरह अपार आईडी के लिये छात्र छात्राओं के आधार कार्ड जो मोबाईल फोन से लिंक होना जरूरी है। मगर देखा जा रहा है कि अनेक छात्र छात्राओं सहित उनके अभिभावकों के आधार कार्ड जो वर्षो पहले बनाये गये थें वह मोबाईल फोन से लिंक नही है तो दूसरी ओर अनेक आधार कार्डो में नाम, पता सहित अन्य प्रकार के गलतियाँ है। जिसके चलते उनमें सुधार को लेकर अभिभावक सहित छात्र छात्राये परेशान होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि शासन द्वारा गाडरवारा सहित क्षेत्र के सांईखेड़ा, चीचली, सालीचौका में संचालित अनेक आधार कार्ड सेन्टरों को किन्ही कारणों के चलते बंद कर दिया गया है। इस तरह संपूर्ण गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नगर के पोस्ट आफिस में एक मात्र केन्द्र संचालित हो रहा है। इस तरह मात्र एक आधार केन्द्र के भरोंसे संचालित हो रहे गाडरवारा तहसील क्षेत्र के लोग परेशान होते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर हाल यह बना हुआ है कि गाडरवारा पोस्ट आफिस में आधार कार्डो में सुधार कार्य करने के लिये निर्धारित क्षमता रहने के कारण एक दिन में चंद आधार कार्डो का सुधार कार्य ही हो पाता है। इस स्थिति में देखा जा रहा है कि नगर के बडे पोस्ट आफिस के सामने सुबह 5 बजे से ही लम्बी लाईन लगना शुरू हो जाती है। क्योंकि यहां पर प्रतिदिन गाडरवारा सहित क्षेत्र के सांईखेड़ा, चीचली, सालीचौका, कौड़िया के आलवा ग्रामीण क्षेत्रों के आलवा आसपास बनखेड़ी, उदयपुरा सहित अन्य जगहों से भारी संख्या में अभिभावक जहां अपने बच्चों के आधार कार्ड में सुधार के लिये पहुंच रहे है तो दूसरी ओर अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिये आम लोगों के साथ साथ कृषक बंधु भी अपने आधार कार्डो को मोबाइल से लिंक कराने के लिये यहां पर पहुंचते हुये देखे जा रहे है। इस स्थिति के चलते नगर के मुख्य मार्ग यानि की पोस्ट आफिस के सामने जाम की स्थिति बनते हुये तो देखी ही जा रही है। वही दूसरी ओर गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मात्र एक आधार केन्द्र संचालित होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं के साथ सभी वर्ग के लोगों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। जबकि कुछ माह पहले तक नगर के लोक सेवा केन्द्र के आलवा पानी टंकी, बैक आफ बडौदा, सेवा सहकारी बैक, बीएसएनएल आफिस सहित अन्य जगहों पर आधार केन्द्र संचालित हो रहे थें। जहां पर लोग आसानी से अपने आधार कार्डो में सुधार कार्य करा लेते थें। मगर पता नही किन कारणों से शासन द्वारा इन आधार केन्द्रो का बंद करा दिया गया है। नगर ही नही बल्कि संपूर्ण गाडरवारा तहसील क्षेत्र में इस तरह एक मात्र आधार केन्द्र संचालित होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं के साथ आम लोग भी अपने आधार कार्डो को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर आधार कार्डो में सुधार नही होने की स्थिति में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी परेशानियों का सामना इसलिये करते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि उन्हें अपनी शिक्षण संस्थाओं के सभी छात्र छात्राओं की निर्धारित अवधि के दौरान अपार आईडी तैयार करवाना है..? इस तरह नगर में आधार कार्डो में सुधार के लिये मात्र एक ही केन्द्र होने से आम लोगों को हो रही परेशानी के चलते मीड़िया द्वारा यह सच्चाई बीते हुये लम्बे समय से उजागर की जा रही है। मगर इसके बाद भी जिला मुख्यालय से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि लोगों को जहां परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ से भी आमजन बंचित होने से नही चूक पा रहा है..? इस संबंध में सोमवार को आधार कार्ड सुधरवाने के लिये लाईन में लगी हुई नगर के माता वार्ड निवासी शकुन कहार से चर्चा की गई तो उसका कहना है कि मैं अपने आधार कार्ड में सुधार के लिये बीते हुये कई दिनों से चक्कर लगा रही हूं मगर मेरा आधार कार्ड नही सुधर पा रहा है। क्योंकि देखा जाता है कि प्रतिदिन लम्बी लाईन में लगे रहने के बाद भी कह दिया जाता है कि अब आज समय हो चुका है कल आना इस स्थिति में हम लोग दिन भर कोई दूसरा काम भी नही कर पाते है। इसी प्रकार से ग्राम झांझनखेड़ा से आये हुये केवल श्रीवास का कहना है कि शासन द्वारा जिस तरह स्कूली बच्चों की अपार आईडी बनाई जा रही है उनमें आधार कार्ड जरूरी किये गये है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि शासन प्रशासन को पहले आधार कार्ड सुधार के केन्द्र शुरू कर ना चाहिये था। अब संपूर्ण गाडरवारा तहसील क्षेत्र में एक मात्र आधार कार्ड सुधारने की व्यवस्था पोस्ट आफिस में होने के चलते दूर दूर गांवो से लोग आते है और खाली हाथ वापिस जाने के लिये मजबूर हो रहे है। वही नगर के स्टेशन निवासी भोपाल सिंह राजपूत का कहना है कि शासन की सभी योजनाओं में आधार कार्ड जरूरी तो कर दिया गया है। मगर आधार कार्ड में सुधार व बनाने की व्यवस्था नही होने के कारण हम वृद्व जनों को परेशान होना पड़ रहा है। क्योंकि गाडरवारा में मात्र एक आधार कार्ड केन्द्र होने के कारण इस तरह लम्बी लाईन में खड़े हुये है। अब भगवान जाने आज हमारे आधार कार्ड में सुधार हो पा है कि नही। इसी प्रकार से ग्राम खिरिया से आई हुई एक स्कूली छात्रा खुशी से चर्चा की गई तो उसका कहना है कि स्कूल में सर लोग कहते है कि तुम्हारी अपार आईडी बनना है उसके लिये आधार गार्ड में गडबड़ी है पहले उसमें सुधार करायों। इसी के चलते में अपने परिजनों के साथ बीते हुये कई दिनों से आधार कार्ड में सुधार के लिये आ रही हूं मगर सुधार नही हो पा रहा है। इस स्थिति में मेरी पढ़ाई भी बर्बाद हो रही है तो दूसरी ओर मुझे अपने गांव से लेकर परिवार के लोग आते है तो उनका भी पूरा दिन खराब होकर खाली हाथ हम लोग अपने घर को लौट जाते है। वही दूसरी ओर शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि शासन के आदेश के अनुसार सभी बच्चों की अपार आईडी तैयार करना है। मगर उसके लिये आधार कार्ड जरूरी है। अनेक बच्चों के आधार कार्डो में गड़बडी होने के कारण वह दस्तावेजों से मेल नही हो रहे है। इस स्थिति में आधार कार्ड में सुधार जरूरी है। हम जान रहे है कि आधार कार्ड केन्द्र नही होने के कारण बच्चों की अपार आईडी को लेकर हम भी परेशान हो रहे है और हमारे बच्चें भी परेशान हो रहे है। इस तरह देखा जा रहा है कि इस समय अपार आईडी हो या फिर अन्य दूसरे कार्यो में आधार कार्ड की जरूरत के चलते पर्याप्त आधार केन्द्र नही होने के कारण लोगों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है।

स्कूलों में दिखाया गया परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण, विद्यार्थियों व शिक्षकों ने कराया था पंजीयन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सोमवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आने वाले दिनों में होने वाली परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुये अपने देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का नगर सहित क्षेत्र के गांवों के स्कूलों मे सीधा प्रसारण दिखाया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी हर वर्ष बच्चों को परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए छात्र छात्राओं से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। प्रदेश के अलावा क्षेत्रीय विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने अपना पंजीयन कराया था। इस प्रकार से स्कूलों मे उक्त कार्यक्रम का संचार माध्यमों के जरिये सीधा प्रसारण छात्र छात्राओं को दिखाया गया। उक्त कार्यक्रम दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल के साथ साथ पीएमओ वेबसाइट, mygov.in, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयं प्रभा चैनल, एमओई, दीक्षा चैनल एमओई के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शी प्रेरणा उद्बोधन को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन करते हुये विद्यार्थियों को कई आवश्यक सुझाव एवं परीक्षा के दौरान पैदा होने वाले तनाव सहित उनकी शंकाओं का समाधान किया और छात्रों को जीवन की किसी भी परीक्षा में संयम, नियम और अनुशासन की महत्वता को समझाया गया।

सोयावनी से लुटे किसानों को धान ने भी किया निराश, गुड का लगातार गिर रहा है बाजार

हरिभूमि न्यूज/कौंडिया। इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र का किसान लगातार मुशिबतों से घिरता ही जा रहा है ज्ञात हो कि पिछले कुछ सालो से लगातार किसान प्रकृति की असहनीय मार से उबर नही पाया है। क्योंकि हर साल देखा जाता है कि जब किसानों के खेतों में फसल पक कर तैयार हो जाती है तो या पाला तुषार मार जाता है कि या फिर ओलावृष्ठि के चलते किसानों की फसले बर्बाद हो जाती है? और कुछ इसी प्रकार की स्थिति विगत वर्ष भी देखने मिली थी जब किसानों की फसले तैयार होकर अपने खेतों में कटने के लिए खड़ी हुई थी कि अचानक हुई ओलावृष्टि से बर्बाद होने के कारण किसान टूटने की कगार पर पहुंच रहा है? वही दूसरी ओर यदि बीते समय लगाई हुई फसलों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो किसानों को उम्मीद थी कि शायद इस वर्ष सोयाबीन की फसले अच्छी आबेगी मगर सोयाबीन फसलों की स्थिति इस प्रकार से देखी गई कि जिस लागत से किसानों ने सोयाबीन फसल अपने खेत में लगाई गई थी उससे भी कम पैदा होने के कारण क्षेत्र का किसान सोयाबीन में पूर्णरूप से लुट चुका होने के बाद उसे उम्मीद थी कि शायद धान व गन्ना की फसल उसकी भरपाई कर देगी,जिसके चलते अनेक किसानों ने सोयाबीन की जगह धान की खेती करना ज्यादा भरोसे मंद समझा गया था। मगर इस वर्ष धान की फसल भी किसानों को धोखा देते हुए जान पड़ी है? क्योंकि जब वह मंडियों में बेचने के लिये पहुंचा था तो मंडी में खरीदी गई धान का निरीक्षण जिस प्रकार से हुआ कि चंद किसानों की धान ही पास हो पाई जिसके चलते किसानों को ओने पोने धामों में व्यापारियों को बेचने के लिये मजबूर होना पड़ा था? कुछ इसी प्रकार का हाल गन्ना फसल को देखने मिल रहा है क्योंकि किसानों को शुगर मिलों में गन्ना का सही रेट नही मिलने की स्थिति में किसान अपने ही खेत पर गुड बनाने की सोच रखे हुये है जिसके चलते किसी भी प्रकार से जब किसान गुड बनाकर उसे बेचने के लिये बाजार पहुंच रहा है तो उसका गुड भी लगातार कम दामों पर बिकने के कारण किसान परेशान होने से नही चूक पा रहा है?

बगैर सुरक्षा प्रबंधों के ठेकेदार द्वारा मजदूरों को चढ़ा दिया गया 11 केव्ही विद्युत लाईन पर, काम करते वक्त करेन्ट से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। बिजली विभाग में निर्माण कार्यो के दौरान निजी ठेकेदारों द्वारा जिस तरह मजबूरों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ किया जा रहा है उस ओर न तो बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही अन्य प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा जिसके चलते मजदूरों बेमौत मरते हुये देखे जा रहे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष यानि की अप्रेल 2024 में इस तरह बगैर सुरक्षा प्रबंधों के एक ठेकेदार द्वारा जिस तरह 11 के व्ही लाईन के खम्बों पर चढ़ाते हुये मजदूरों से काम कराया जा रहा है उसके चलते करेन्ट लगने के कारण जहां कुछ मजदूर घायल होने से नही चूक पाये थें। मगर उस घटना के बाद अनुमान लग रहा था कि शायद अब कुछ सुधार देखने मिलेगा। मगर बीते हुये सोमवार को जिस तरह बगैर किसी सुरक्षा प्रबंधों के नगर के पास वास मार्ग यानि की जमाड़ा रोड़ पर बिद्युत लाईन की सिप्टिग के दौरान एक निजी ठेकेदार द्वारा अकुशल मजदूर को 11 के व्ही लाईन के चालू स्थिति में खम्बे पर चढ़ाकर काम कराया जा रहा था उसके चलते करेन्ट लगने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नियम के तहत तो बताया जाता है कि 11 के व्ही की हाई पावर माने जाने वाली विद्युत लाईनों के सुधार से लेकर अन्य प्रकार की जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होती है। इन लाईनों में बगैर बिजली विभाग के अधिकारियों की अनुमति के कोई धका तक नही लगा सकता है..? मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि खुलेआम निजी स्तर के लोग इन बिजली लाईनों के खम्बों पर चढ़ाकर कर मजदूरों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये को नगर के जमाडा रोड पर उस समय देखने मिली जब 11 के व्ही लाईन पर बगैर सुरक्षा प्रबंधों के ठेकेदार द्वारा लाईन चालू रहने की स्थिति एक अकुशल मजदूर वर्ग के युवक को चढ़ाते हुये उससे काम कराया जा रहा था। इसी दौरान ग्राम कठौतिया निवासी ब्रजेश पिता दुर्जन सिंह कुशवाहा उम्र लगभग 32 साल को खम्बे के ऊपर कार्य करने के दौरान 11 के व्ही लाईन का करेन्ट लग जाने के कारण उसके कपडे जल गये और वह खम्बे से नीचे गिरते ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि इस समय गाडरवारा से बारहाबडा मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके चलते यहां से निकली हुई 11 के व्ही लाईन को दूसरे खम्बो पर सिप्ट करने का ठेका एक करेली के ठेकेदार द्वारा लिया गया है। इस तरह ठेकेदार द्वारा बगैर किसी सुरक्षा प्रबंधों के अकुशल मजदूरों को इस तरह 11 के व्ही लाईन के खम्बों पर चढ़ाकर बिजली कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में मृतक के परिजनों का कहना है कि ब्रजेश बीते हुये कुछ दिनों यानि की लगभग एक हपता से ही ठेकेदार के कहने पर काम करने आ रहा था। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह मात्र एक सप्ताह के अंदर मजदूर वर्ग का युवक क्या इतना कुशल माना जा सकता है जिससे ठेकेदार द्वारा इस तरह 11 के व्ही लाईन के खम्बे पर चढ़ाकर काम लेने लगे..? वही दूसरी ओर मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब ब्रजेश खम्बे पर काम कर रहा था तो वहां पर न तो ठेकेदार मौजूद था और न ही किसी तरह के सुरक्षा संबंध सामग्री मौजूद थी। ब्रजेश खम्बे पर चढ़कर काम कर ही रहा था उसी दौरान अचानक करेन्ट लगने से उसकी मौत हो गई। इस तरह बिजली विभाग में कार्य करने वाली निजी ठेकेदार की लापरवाही के चलते एक गरीब मजदूर की मौत होने के चलते जहां लोगों में आक्रोश पैदा होने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर घटना को लेकर पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर जांच मे लिये गया है। वही दूसरी ओर इस तरह गाडरवारा से बारहाबड़ा की ओर जाने वाले जिस मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है वह लोग निर्माण विभाग के अधीन माना जाता है। इस स्थिति में यदि सड़क निर्माण को लेकर जब यहां पर लगे हुये खम्बों को सिप्ट किया जा रहा था तो मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी मौजूद होना चाहिये था जिससे उनकी निगरानी में बिजली सिप्टिंग का कार्य सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया जा सके। मगर यहां पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा भी मौजूद रहते हुये कार्य कराने क जगह जिस तरह उदासीनता का परिचय दिया गया है वह भी चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है...? इस सच्चाई को लेकर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह बगैर सुरक्षा प्रबंधों के बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा किस तरह अपनी बिजली लाईनों पर अकुशल लोगों को कार्य करने की अनुमति प्रदान की जा रही है। जिसके चलते गरीब मजदूरों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है। इस तरह एक मजदूर की जान चली जाने के चलते उसके मासूम बच्चों के अनाथ होने का आखिर जिम्मेदार कौन है...?

बुलट की फटाखनुमा आवाज ने नगर वासियों की रात की नींद हो गई हराम

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, सड़कों पर हजारो वाहनो की आवाजाही होती रहती है किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि अधिकतर वाहन चालक तेज गति से तो वाहन चलाते ही है साथ ही ओवर लोड वाहन भी फर्राटे से सड़कों पर दौड़ाये जाते है। बताया जाता है कि अनियंत्रित गति से नगर के मुख्य मार्गो पर दौड़ रहे वाहनो से यातायात व्यवस्था तो भंग हो ही रही है साथ ही कभी कभार जाम की स्थिति निर्मित होने से राहगीरो की भी मुसीबत हो रही है। वही शहरवासियो का कहना है कि नगर की सड़के संकीर्ण होने से अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनो के कारण दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है। वही दूसरी ओर इस समय आती रात को नगर की सड़कों पर फटाखा के समान आवाज निकालते हुए दौड़ रही बुलट गाड़ी के चलते जहां लोगों का रात के समय सोना मुश्किल हो रहा है वही दूसरी ओर नगर की शांति व्यवस्था को भी ग्रहण लगते हुए देखा जा रहा है। बताया जाता है कि रात के समय कुछ युवकों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो के आलवा अन्य कुलियों में देर रात को अपनी बुलट गाड़ी को लेकर इस प्रकार से दौड़ाते हुए उससे फटाखा की तरह तरह आवाज निकाली जाती है जिसक चलते जहां रात में सोने वाले लोगों की नीद तो खराब होती ही है साथ साथ अपनी पढ़ाई में जुटे हुए छात्र छात्राओं को भी पढ़ाई में व्यवधान पैदा होते हुए देखा जा रहा है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस प्रकार से फटाखानुमा आवाज निकलने वाली यह गाड़यि पुलिस थाने के ठीक सामने से भी रात के समय अनेक चक्कर लगाते हुए आसानी से देखी जाती है और रात्रि कालीन गस्त व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारियों की नजरों के सामने से भी अनेको बार यह गाड़यि गुजरती रहती है। मगर इसके बाद भी पुलिस द्वारा इस प्रकार से मनमानी करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार का अंकुश नही लगाया जाना जहां आम लोगों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहा है, इसलिए जरूरी है कि आल लोगों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा अनियंत्रित गति से व तेज आवाज करने वाले वाहन चालन पर रोक लगाई जाए।

बालश्रम कानून का कागजों पर पालन, यह योजना मात्र कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है...?

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। शासन द्वारा बाल मजदूरी रोकने जारी निर्देशो का पालन कराने मे जहां जिला प्रशासन नाकाम रहा है वही बाल श्रमिकों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी संबंधितों को नही मिल पा रहा है? जबकि पूर्व मे कारखाना अधिनियम 1948, खदान अधिनियम 1952 जहाज अधिनियम 1958, वृक्षारोपण अधिनियम 1961 तथा मोटर परिवहन श्रम अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के कारखानों एवं खदानों,मोटर यातायात आदि पर काम मे लगाना वर्जित है? वही हर वर्ष एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है जिसमें नेताओं से लेकर समाजसेवी संस्थाओं द्वारा मजदूरों व मासूमों के उद्धार हेतु बड़ी बड़ी बाते कही जाती है, मगर वह बाते मात्र उसी दिन तक ही सीमित रहे है? और यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो आजादी के बाद बाल श्रमिकों की किसी भी श्रमिक संगठन को याद नही आई, जिन बच्चों के हाथ मे किताब कापी होना चाहिए उन्हे पेट भरने के लिए कचरा बीनना, सिर पर लकड़ी का गट्टा ढोना, होटलो मे कम प्लेट धोना आदि नियति बन चुकी है। वही जिले मे तमाम बाल श्रमिकों की तादात लगातार बढती जा रही है। मगर इसके बावजूद भी जिले के श्रमिक कार्यालय मे बच्चों के सही आंकड़े तक मौजूद नही है। वही गरीबी व अज्ञानता के चलते आज भी हजारों बच्चों का स्कूल से नाता जुड़ नही पाया है, और उन्हे दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए स्वयं कड़ी मेहनत मशक्कत करनी पड़ रही है। इस तरह जहां एक ओर शासन द्वारा साक्षरता का अलख जगाने के लिए गांव गांव मे स्कूल खोले गये है तथा बच्चों को मेहनत मजदूरी से अलग रखा गया है फिर भी गरीबी के चलते अनेक मासूम बच्चे सरस्वती के वरदान से वंचित दिखाई दे है। ग्रामीण अंचलों मे भोर मे उठना तथा अपने पेट की खातिर कुल्हाड़ी लेकर जंगल जाना लकड़ी काटना, भैस, गाय, बकरी चराना और रूपये कमाना जिंदगी बन गई है, इस प्रकार से शासन द्वारा करोडो की योजनाओं के बाद भी इन बेसहारा बच्चों के रहन सहन मे कोई बदलाब नही आ सका, इनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है, गरीबी और भुखमरी के चलते इन बच्चों के माता पिता चाहकर भी शिक्षा दीक्षा न दिलाकर मजदूरी करवाने को विवश है? क्या करे गरीबी अभिशाप बन गई है बच्चों का सहारा लेना जरूरी भी और मजबूरी भी बन गया है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक

डिंडोरी। कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन में अपर कलेक्टर अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चल रहे विभागीय गतिविधियों, अभियानों, सीएम हेल्पलाईन एवं समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों को संतुष्टि के साथ निराकरण कराने पर प्राथमिकता दें। निराकरण के लिए सभी उचित जबाव प्रस्तुत करें। अपर कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों के तहत नजूल प्रकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों को पर विस्तृत समीक्षा कर तत्संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारियां और परीक्षा केन्द्रों के रेण्डमाईजेशन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने बैठक में पीएम जनमन के तहत संबंधित विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्वनिधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नलजल, आदि की जानकारी ली। उन्होंने अंतर्विभागीय मुद्दों की जानकारी लेते हुए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने उठाया मड़ई मेला का जमकर लुत्फ

आज मंगलवार को मनाई जाएगी गुदरी मड़ई

डिंडोरी। जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो-दिवसीय मड़ई मेला का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन सोमवार को आस पास गांवों के ग्रामीणों द्वारा परांपरानुसार भारी मात्रा में चंडी ब्याही गई। जिसमें अहीरों द्वारा जगह जगह जमकर अहीरी नृत्य का प्रदर्शन किया गया। ऐसा मानना हैं कि एक दिन पूर्व अपने कुल देवी की पूजा पाठ कर मड़ई में चंडी लेकर न आने पर अनेकों प्रकार के विपत्तियों का सामना करना पड़ता हैं। आयोजित मड़ई में अनेक प्रकार के मिष्ठान, बर्तन, कपड़ों की आकर्षक दुकानें व्यापारियों द्वारा सजाई गई। जिसमें आस पास गांवों के ग्रामीणजन सपरिवार पहुंचकर आकर्षक झूले, सर्कस, मौत का कुआं, खेल तमाशे का जमकर लुत्फ उठाया गया। इसके साथ ही कपड़े घरेलू दैनिक उपयोग की सामग्री, मिठाई और बच्चों के लिए खिलौनों की भी जमकर खरीदारी की गई। इस मड़ई मेले में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आटो रिक्शा आदि गाड़ियां से दूर दूर से हजारों की संख्या में पहुंचकर मड़ई मेले में जमकर लुत्फ उठाया गया। वहीं आज दूसरे दिन मंगलवार को गुदरी मड़ई का आयोजन किया गया।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

अनूपपुर। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को जिले के दो परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित की जा रही है जिसमें कुल 759 परीक्षार्थी सम्मिलित होना है परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र संबंधी आवश्यक जानकारी से अवगत कराने तथा परीक्षा केंद्र से समय-समय पर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने हेतु कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर के कक्ष क्रमांक- 56 में स्थापित कंट्रोल रूम को परीक्षा हेतु जिला कंट्रोल रूम बनाया गया है उक्ताशय की जानकारी देते हुए परीक्षा प्रभारी एवं अपर कलेक्टर डी के पाण्डेय ने बताया है कि स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07659- 222 917 है परीक्षा हेतु स्थापित कंट्रोल रूम में श्रीमती संगीता सोनी मोबाइल नंबर-9691592129 है, भोले लाल कोल ऑपरेटर कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर- 9171365430 है। कंट्रोल रूम 16 फरवरी 2025 को प्रातः 8 से शांय 7 तक संचालित होगा।

टीवी के नए मरीजों के चिन्ह्यांकन की गति बढ़ाएं- सीएमएचओ

अनूपपुर। टीवी रोग से ग्रसित मरीजों को खोजने के लिए राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय निश्चय शिविर के माध्यम से चिन्हांकन के लिए खखार सैंपलिंग की संख्या बढ़ाने तथा मरीज के गुणवत्तापूर्ण उपचार के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी- कर्मचारी व एनजीओ के लोगों को दिए हैं बैठक में चिकित्सा अधिकारी, एनजीओ के सदस्य, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आशा सहयोगी मौजूद थे। सीएमएचओ डॉ आर के वर्मा ने टीवी मरीजों को फूड बास्केट वितरण, एक्सरे जांच, निक्षय मित्र बनाने के संबंध में निर्देश दिए हैं।

कुम्भ स्पेशल ट्रेन के परिचालन में किया गया विस्तार

अनूपपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज महाकुंभ मेला जाने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुम्भ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में 08588/ 08587 विशाखापट्टनम-गोरखपुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन के परिचालन अतिरिक्त विस्तार किया जा रहा है। अब यह गाड़ी 08588 विशाखापट्टनम-गोरखपुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन विशाखापट्टनम से 10 एवं 22 फरवरी को, इसी प्रकार 08587 गोरखपुर विशाखापट्टनम कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन गोरखपुर से 13 एवं 25 फरवरी को दो अतिरिक्त फेरों के साथ रवाना होगी। यह गाड़ी विशाखपट्टनम से 10 एवं 22 फरवरी को 22.20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन (11 एवं 23 फरवरी को) 13.55 बजे रायगढ़, 15.00 बजे चांपा, 16.00 बजे बिलासपुर, 18.00 बजे पेंड्रारोड, 18.45 बजे अनूपपुर, 19.35 बजे शहडोल, 20.42 बजे उमरिया और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 19.30 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गोरखपुर से 13 एवं 25 फरवरी को 17.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन (14 एवं 26 फरवरी को) 15.05. बजे उमरिया, 16.30 बजे शहडोल, 17.20 बजे अनूपपुर, 18.15 बजे पेंड्रारोड, 21.15 बजे बिलासपुर, 22.18 बजे चांपा, 23.23 बजे रायगढ़ और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 15.55 बजे विशाखापट्टनम स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में 01 एसएलआरडी, 04 सामान्य, 08 शयनयान, 03 एसीथ्री इकोनॉमिक, 04 एसी टू तथा 01 जनरेटर कार सहित 21 एलएचबी कोच की सुविधा रहेगी।

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का अधिकारी गंभीरता के आधार पर कराएं निराकरण

कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक में सभी विभागों के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों एवं शिकायतों का निराकरण गंभीरता के आधार पर कराएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों पर विशेष रुचि दिखाते हुए शिकायतकर्ता से स्वयं चर्चा करते हुए उनके शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक करें। सीएम हेल्पलाइन का कोई भी प्रकरण अनअटेंडेंट न रहे, इसका भी अधिकारी विशेष ध्यान रखें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी वन अंशुल तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर सुधाकर बघेल, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी से माह-फरवरी के राशन वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों को फरवरी माह का राशन प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें जल्द राशन का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत बंटवारा, नामांकन, नक्शा तरमीम, आरसीएमएस पोर्टल में लंबित शिकायत तथा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बोर्ड एग्जाम की तैयारी के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर को अवगत कराया कि जिले में बोर्ड परीक्षा की तैयारी व्यापक रूप से चल रही है। जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में बोर्ड परीक्षा पूरे पारदर्शिता एवं सुचिता के साथ आयोजित कराई जाए तथा परीक्षा केंद्र छात्रों के लिए बेहतर शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल सहित अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया हो तथा सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर इंतजाम भी सुनिश्चित किए जाएं। इसी प्रकार बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति जानकारी प्राप्त कर कार्यों की समीक्षा की तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ने भोपाल में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सब्मिट के तैयारी के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में कलेक्टर ने वन विभाग, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित हुआ कार्यक्रम

डिंडोरी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमपुर श्रीमती सविता धार्वे प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर, श्रीमती के. राज बीएमओ विक्रमपुर एवं प्रकाश ठाकुर मेडिकल ऑफिसर विक्रमपुर द्वारा चिकित्सालय में उपस्थित गर्भवती महिलाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित अन्य महिलाओं को पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (1994) के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह अधिनियम क्यों बनाया गया? इस विषय पर भी प्रकाश डाला गया कि भारत में कन्या भ्रूण हत्या एवं गिरते लिंगानुपात के लिए यह अधिनियम

कितना आवश्यक है। वन स्टॉप सेन्टर (सखी) एवं यहां मिलने वाली विभिन्न प्रकार की सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वन स्टॉप सेन्टर परामर्शदाता निकिता मरकाम, केस वर्कर श्रीमती रितु खांडे एवं विधिक सलाहकार स्मिता चैरसिया द्वारा वन स्टॉप सेन्टर (सखी) महिला हेल्पलाइन 181 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 वन स्टॉप सेन्टर डिंडौरी हेल्पलाइन नंबर 7828195167 के विषय में चर्चा की गई। कार्यक्रम में चिकित्सालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

परिवर्तित मार्ग से चलेगी सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन

अनूपपुर। कुंभ मेले के कारण कुछ दिनों के लिए गाड़ी संख्या 15160 / 15159 दुर्ग छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 11 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस एवं 12 फरवरी को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस यह गाड़ी प्रयागराज स्टेशन के स्थान पर प्रयागराज छिवकी की स्टेशन पर जाएगी। यह गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर प्रयागराज जंघई वाराणसी ओडीहार के स्थान पर परिवर्तित्र मार्ग माणिकपुर-प्रयागराज छिवकी-ज्योनाथपुर-वाराणसी जौनपुर औड़हिर होते हुए अपने गंतव्य तक जाएगी।

कन्या विद्यालय के सामने वाहनों की अघोषित पार्किंग नो एंट्री के आदेश का उल्लंघन, नहीं हो रही कार्रवाई

अनूपपुर/ कोतमा।

तमाम निर्देशों के बाद भी कोतमा नगर की यातायात व्यवस्था दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। हालत यह है कि नगर के मुख्य बाजार कन्या स्कूल तिराहा में सुबह से लेकर देर शाम तक सड़क के दोनों ओर एवं आजाद चौक जाने वाले मार्ग में मालवाहक वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वाहनों के खड़े होने के कारण पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कन्या विद्यालय के समीप रिक्त पड़ी भूमि पर खड़े वाहनों के कारण यह अघोषित ट्रांसपोर्ट नगर जैसा लगने लगा है। नगर के मुख्य बाजार में अघोषित रुप से बने ट्रांसपोर्ट नगर के कारण ट्रेफिक व्यवस्था बाधित हो रही है। वर्तमान समय में त्योहारों की श्रृंखला प्रारंभ है जिसकी वजह से खरीददारी करने आने वाले ग्राहकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हादसे की आशंका

कन्या स्कूल तिराहा के पास सड़क के दोनों और पिकअप वाहन एवं अन्य वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण सड़क के दोनों ओर से आवागमन करने वालों को वाहन नहीं दिखाई देते। जिसकी वजह से ही कई बार तो वाहन आपस में भिड़ गए और बड़ी दुर्घटना भी घटित हो गई। पूर्व में पुलिस विभाग के सहयोग से नगर पालिका के द्वारा इस स्थान पर खड़े हो रहे वाहनों को नगर के बाहर स्थानांतरित करवा दिया गया था, लेकिन वर्तमान में वाहन चालकों की मनमानी फिर से शुरू हो गई है।

यातायात पुलिस का अभाव

वर्ष 2020 तक नगर में यातायात पुलिस मौजूद रहती थी। कोरोना काल के समय से नगर की यातायात पुलिस को वापस जिला मुख्यालय बुला लिया गया था। उसके बाद से आज तक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा यातायात पुलिस की व्यवस्था नगर में नहीं की गई जिसके कारण आए दिन यातायात व्यवस्था को लेकर नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बेअसर साबित हो रहा नो एंट्री का आदेश

कोतमा नगर में सुबह 9 बजे से देर शाम तक भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। नो एंट्री के आदेश के बाद भी बाजार में धड़ल्ले से भारी वाहन प्रवेश कर यातायात व्यवस्थापकों को आईना दिखा रहे हैं। भारी वाहन के प्रवेश करने के साथ ही बाजार में अव्यवस्था उत्पन्न हो जाती है।

यहां लगता है जाम

नगर के मुख्य बाजार कन्या स्कूल तिराहा से लेकर टाकीज रोड आजाद चौक रोड में पिकअप वाहन एवं अन्य बड़े वाहनों को सड़क के दोनों और खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण दूसरे वाहन चालकों को बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। साप्ताहिक बाजार के दिन तो हालत यह हो जाते हैं कि दो-दो घंटे लोग जाम में फंस जाते हैं। रही सही कसर मार्ग के किनारे खड़े दो पहिया वाहन भी पूरी कर देते हैं, बसों के निकलने के दौरान स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

सेवानिवृत पुलिस कर्मियों का विदाई समारोह हुआ आयोजित, दी गई भावभीनी विदाई हमारा प्रत्येक क्षण जनता की सेवा के लिए होना चाहिए समर्पित- पुलिस अधीक्षक

अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग कक्ष में जनवरी माह में सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी कर्मचारि सहायक उप निरीक्षक हरपाल सिंह परस्ते, प्रधान आरक्षक तेज प्रताप सिंह एवं स्वेच्छिक रूप से सेवानिवृत हो रहे अवधेश प्रसाद गौड़ के सम्मान में विदाई समारोह रखा गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, डीएसपी (एम) एन एस ठाकुर, रक्षित निरीक्षक ज्योति दुबे, सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में चर्चा के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपनी सेवा के दौरान आई चुनौतियों के विषय में बताया गया, सहायक उप निरीक्षक हरपाल सिंह परस्ते ने बताया कि एक बार में अवकाश पर जा रहा था, इसी दौरान एक व्यक्ति के घर में आग लगी हुई थी, मैं तुरंत अपनी गाड़ी से उतरा और आग बुझाने लगा, वहां उपस्थित लोगों ने पूछा कि आप कौन हैं, जो तत्काल मदद के लिए आगे आए जिस पर हरपाल सिंह परस्ते द्वारा को बताया गया कि मैं पुलिस विभाग में पदस्थ हूं और सेवा हमारा कार्य है। जिसकी सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवा हमारा धर्म है, हमारा प्रत्येक क्षण जनता की सेवा के लिए समर्पित होना चाहिए। इस ध्येय को आपने चरितार्थ किया, आपने अवकाश पर होने पर भी तत्काल मदद के लिए आगे आकर मदद की यह निश्चित ही प्रशंसनीय कार्य है। चर्चा के दौरान प्रधान आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि राजनादगांव छत्तीसगढ़ में तैनाती के दौरान एक बार नक्सलियों ने थाने को घेर लिया था, जिनसे हम लोगों की सीधी मुठभेड़ हुई। कार्यक्रम के अंत में सेवा निवृत हो रहे पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को साल श्रीफल फूलमाला के साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए बधाई दी। ज्ञात हो कि सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक हरपाल सिंह परस्ते सेवा के दौरान किए गए अच्छे कार्यों के लिए 186 बार पुरुस्कृत हुये वही सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक अवधेश प्रसाद गौड़ को सेवा काल में किए गए अच्छे कार्यों के लिए 125 बार पुरस्कृत किया गया।

बोर्ड परीक्षा पर आधारित परीक्षा पर चर्चा का लाइव प्रसारण संपन्न

अमरकंटक।

मां नर्मदा के उद्गम तट पर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में 10 फरवरी को प्रभारी प्राचार्य डा० एके शुक्ला के नेतृत्व एवं अध्यक्षता मे कार्यक्रम का सफल आयोजन बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सहभागिता दशार्यी। सर्वप्रथम प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विद्यार्थी स्वयं को चुनौती देना सीखे, दबाव (प्रेशर) की परवाह न करें, क्योंकि भविष्य में कुछ बड़ा करने के लिए या लीडर बनने के लिए टीमवर्क और धैर्य सिखाना बहुत जरूरी है। "परीक्षा पर चर्चा "लाइव प्रसारण में विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को पूछकर सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों की समस्याओं का आसानी से समाधान करने में सहयोग प्रदान किया। संगीत शिक्षक वाहिद शेख के मार्गदर्शन में व उनके स्वरचित गीत की प्रस्तुति देकर बच्चों ने संपूर्ण विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ० एके शुक्ला, डीएस सेंगर, आरके झा, के कुमार, एचपी, वाहिद शेख, आशीष कुमार, कमलेश देवकटे, रमेश कुमार, विनोद कुमार, अजय कुमार शुक्ला, प्रमोद कुमार पांडे, प्रवीण सिंह, श्रीमती जयश्री पेन्ड्रे, अतुल सिंह चौहान, हेमराज गुजरे, सुरबिन दोर्ल्ई, सतानंद तिवारी, श्रीमती दुर्गेश चंद्रा पटेल, श्रीमती मुक्ता सरीन, सुश्री पुष्पा रानी पटनायक, श्रीमती मनोरमा कौशल, सुश्री अंबिका राय, सुश्री भाग्यश्री साहू, सुश्री हर्षा मालवी, सुश्री कल्पना यादव, सुश्री रोशनी द्विवेदी एवं विद्यालय प्रांगण के सभी कर्मचारी व सदस्य उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य ने "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकगण, उपस्थित कर्मचारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन का कार्यभार राजीव कुमार झा ने संभाला।

दिल्ली में भाजपा की जीत पर मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जश्न

कोतमा। नगर के गांधी चौक में रविवार की देर शाम मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत को लेकर जश्न मनाया एवं आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई। कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जमकर विजय जश्न मनाया। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि देश का दिल कहे जाने वाले दिल्ली के मतदाताओं ने मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान कर भाजपा की सरकार बनाई है जिसके लिए सभी मतदाताओं का आभार है। यह जीत मतदाताओं की जीत है। जनता के द्वारा आप पार्टी के कुशासन, भ्रष्टाचार एवं उनके घमंड को पराजित कर विश्वास जताया है। दिल्ली की जनता एवं मतदाताओं को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, रोशन वारसी, मुनेश्वर पाण्डेय, प्रभात मिश्रा, बद्री प्रसाद ताम्रकार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

खबर संक्षेप

अभिषेक युवा कौरव सभा जिलाध्यक्ष नियुक्त

नरसिंहपुर। विगत दिवस कौरव युवा सभा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें ग्राम निजोर में कौरव महासभा की बैठक आयोजित की गई सभा द्वारा जिलाध्यक्ष राव पवन सिंह एवं प्रदेश प्रतिनिधि राव बीरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में महासभा के वरिष्ठ संरक्षक सदस्यों द्वारा सहमति बनाकर गोंगावली निवासी अभिषेक कौरव को कौरव युवा सभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री कौरव की नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

वृद्धाश्रम झोतेश्वर में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा जगद्गुरु शंकराचार्य वृद्धाश्रम झोतेश्वर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई और उन्हें निःशुल्क दवाईयों व औषधियों का वितरण किया गया। आयुष विभाग द्वारा वृद्धाश्रम झोतेश्वर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वृद्धजनों का बीपी, शुगर और अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें सलाह दी और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। विदित है कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कुछ दिनों पूर्व वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर बुजुर्गों से संवाद किया था। उन्होंने आयुष विभाग को यहां निःशुल्क शिविर आयोजित करने के लिए निर्देशित किया था।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को सजा

नरसिंहपुर। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी के न्यायालय द्वारा आरोपी इमाम खान उर्फ यूनुस, उम्र 26 वर्ष निवासी बारूरेवा मुर्गाखेड़ा, थाना सुआतला, हाल पता केन्द्रीय जेल के पीछे थाना स्टेशनगंज, जिला नरसिंहपुर को धारा-366क भा.दं.वि. में 10 वर्ष का सश्रम कारावास, 1000-रुपये अर्थदंड एवं 376(3) भा0दं0वि0 तथा धारा 5(स)/6 पॉक्सो एक्ट में 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास, 2000-2000- रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

श्रीमति आशा तिवारी का निधन

नरसिंहपुर। पीडब्ल्यूडी के सेवानिवृत्त शरद तिवारी की पत्नि, हाई स्कूल नयाखेड़ा की प्राचार्य श्रीमती विनीता पांडे व दिवंगत पत्रकार प्रशांत तिवारी डल्लू की वयोवृद्ध माताजी सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमति आशा तिवारी का 80 वर्ष की आयु में अस्वस्थता के चलते 10 फरवरी 2025 को देवलोक गमन हो गया है। अंतिम संस्कार नकटुआ मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

नहीं रहे मेघराज नायक

तेंदूखेड़ा नगर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ मेघराज नायक का दुखद निधन हो गया है जिन्हें अंतिम विदाई छिंदवाड़ा में दी गई।अटारी वालों के नाम से विख्यात मेघराज जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आखिरी समय तक सजग स्वयं सेवक के साथ संलग्न बनें रहें।आप विनोद कुमार सुशील ललित नायक के पूज्य पिता एवं योगी नायक के दादा जी थे।

घनश्याम घोषी का निधन

तेंदूखेड़ा। नगर के प्रतिष्ठित घोषी परिवार के घनश्याम घोषी चौराडोंगरी वालों की अचानक ह्रदयगति रुक जाने से असमय दुखद निधन हो गया। जिन्हें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।घनश्याम कन्हेदी लाल घोषी के छोटे भाई तथा हर्ष घोषी के पूज्य पिता थे। तथा दीपक कुमार प्रशांत घोषी के चाचा थे।

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जिले में ई- ऑफिस व्यवस्था लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय सहित सभी विभागों के कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू होना है, जिसकी शुरुआत शीघ्रता से प्रारंभ करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैक में दिये। सभी कार्यालयों में ई ऑफिस प्रणाली लागू होना है जिसके तहत कागज का उपयोग सीमित होगा और कार्य करने में आसानी होगी तथा सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सकेंगे। ई-ऑफिस एक डिजिटल वर्कप्लेस समाधान है, जो सरकारी कार्यालयों में कागज रहित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देता है। यह प्लेटफार्म सुरक्षित और कुशल है, जो सरकारी कार्यालयों में डेटा सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करता है। ई-ऑफिस को सरकारी कार्यालयों में समावेश करने से सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में उन्होंने कहा कि जिन विभागों के सीएम हेल्पलाइन में बी,सी और डी ग्रेडिंग है, वे सभी अधिकारी इस पर विशेष ध्यान देकर संतुष्टि पूर्वक निराकरण करवायें। सभी विभाग प्रकरणों की गंभीरता को समझें और उनके निराकरण की दिशा में कार्य करें। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों पर तत्परता से कार्रवाई की जाए तथा हितग्राही को संतुष्ट कर शिकायत को बंद कराया जाये। शिकायत की समय सीमा पर कार्रवाई ना करने पर संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जावेगी।

सख्ती से कार्रवाई करे परिवहन विभाग

बैठक में कलेक्टर ने परिवहन विभाग द्वारा बिना फिटनेस और परमिट के चल रहे वाहनों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिये। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान जारी रहे। वाहन चालकों के लिए विभाग निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन नियमित तौर पर करता रहे। सभी विद्यालयों में शामिल बस वाहनों की जानकारी जैसे गाड़ी नंबर, ड्रायवर का नाम, मोबाइल नंबर, बस रूट आदि की शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं परिवहन के पास भी अनिवार्य रूप से हो। इसके अलावा समस्त एसडीएम अपने स्तर पर पटाखा विक्रय स्थानों, गोदामों का भी निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का जायजा लेते रहें। सभी सीएमओ नगरीय निकायों में कार्रवाई के माध्यम से बिल बोर्ड हटाने का काम प्राथमिकता से करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

हितग्राहियों को एक क्लिक से हितलाभ वितरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में देवास जिले के सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरांवा में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1553 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। उन्होंने 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के बैंक खाते में 337 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत पात्र 81 लाख किसानों के बैंक खाते में 1624 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जिले के एक लाख 48 हजार 142 किसानों के बैंक खातों में 2 हजार रुपये के मान से 29 करोड़ 62 लाख 84 हजार रुपये की राशि अंतरित की। इसी तरह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत माह फरवरी- 2025 में जिले की 2 लाख 09 हजार 804 लाड़ली बहनों के खातों में कुल 25 करोड़ 49 लाख 87 हजार 200 रुपये की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को जिले में भी देखा व सुना गया। स्थानीय एनआईसी कक्ष नरसिंहपुर में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती मोहिनी जाधव, अधिकारी- कर्मचारी और हितग्राही मौजूद थे। इस दौरान जिले के अन्य स्थानों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, हितग्राही और नागरिक मौजूद थे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसानों के बैंक खातों में 2 हजार रुपये के मान से 29 करोड़ 62 लाख 84 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई।

इको क्लब द्वारा जीवन शैली एवं पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

विगत दिवस पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) पर्यावरण विभाग म. प्र. शासन भोपाल तथा पर्यावरण वन एवं जलवायु मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशन में सतत जीवनशैली कार्यशाला एवं प्रतियोगिता का आयोजन सी. एम. राइज शासकीय एस. डी. एम. क. उमा. विद्यालय में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा तथा रिसोर्स पर्सन मोहन विश्वकर्मा प्राचार्य सी. एम. राइज करेली उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान इको फ्रेंडली पर आधारित विविध गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें कागज से गुलदस्ता, दोना पत्तल, जूट से उपयोगी सामग्री तथा मिट्टी से बने बर्तन व मूर्ति बनाने की विधि तथा विद्यार्थियों को प्लास्टिक के उपयोग न करने व जूट तथा कपड़ों के बैग उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। प्राचार्य श्री मिश्रा ने पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली बनाने पर जोर दिया। प्राचार्य श्री विश्वकर्मा ने बच्चों को प्रकृति से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महेन्द्र लोधी, उदयराज पाण्डेय, अभिनव लखेरा द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण से संबंधित, वैज्ञानिक, आर्थिक तथ्यों से जोड़कर बताया गया। विद्यार्थियों द्वारा सतत जीवन शैली कार्यशाला में सीखे गए दोना पत्तल, गुलदस्ता, तोरण, मिट्टी के उपयोगी सामग्रियों का निरीक्षण किया गया। ईको क्लब प्रतियोगिता में निबंध तथा ड्राइंग पेटिंग कराई गई। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। ईको क्लब प्रभारी श्रीमती माधुरी गर्ग ने गतिविधियों की विस्तार से जानकारी देते हुए पर्यावरण मित्र बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद बमनेले तथा आभार मुकेश चैपाड़ा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर सुरेन्द्र पटेल, के. के. शर्मा, सुषमा सराठे, चंचल तिवारी, सविता विश्वकर्मा, मधु विश्वकर्मा, एकांकी मेश्राम, इमरान खान सहित बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

अवैध पशु तस्करी, वाहन छोड़कर भागे आरोपी

गोटेगांव

गोटेगांव पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम नादिया में गोवंश की तस्करी की सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से दो कार मिली है जिनको जप्त किया गया है।यहां पुलिस थाना गोटेगांव को नादियां गांव से पशु तस्करी की जानकारी मिलने पर पुलिस गांव पहुंची तो पुलिस के पहुंचने के पूर्व गोवंशों को गायब कर दिया और दोनों कारों को छोड़ कर अज्ञात आरोपी फरार हो गए। पुलिस को मौके पर सिर्फ कार मिलीं। जिन्हें लेकर पुलिस थाना गोटेगांव आ गई है। जो कारें नादिया गांव में मिली है उसका नबर एमएच 12 डीके 5970 एवं एमएच 04 डीएच 9941 है। इसके वास्तविक मालिक का पता नहीं चला है और पुलिस ने नबर के आधार पर इसके मालिक का पता लगाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इन वाहनों को कौन महाराष्ट्र से खरीद कर लाया था।कारो के पीछे की कुर्सी हटा लें जा रहे थे पशुओं कोइन कारों में मौजूद पीछे की कुर्सी को पूरी तरह से हटा दिया है, ताकि इनके अंदर गोवंशों को ठूंसा जा सके। एक कार के अंदर गोवंश को बांधने वाली रस्सी भी कार के पीछे हिस्से में मिली है। गोवंशों की तस्करी करने वालों ने नया तरीका अपनाया है। जिसे देख पुलिस को भी आश्चर्य हो रहा है। वही इस मामले में पुलिस द्वारा जांच जारी है।

श्री राम महायज्ञ में उमड़ रहा है भक्तगणों का जनसैलाब

नरसिंहपुर। स्थानीय हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी चंदा नगर कॉलोनी मे आयोजित श्री नौ कुण्डी श्री राम महायज्ञ मे भक्तो की भीड़ अनवरत उमड़ रही है। भारी मात्रा में श्रद्धालु भक्तगण दर्शन हेतु परिक्रमा लगाने जा रहे है एवं यज्ञ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है यजमान भाई बंधु माताएं बहने यज्ञ का आनंद ले रहे है भक्तगणों ने बताया कि आचार्य जी का यह छठवां यज्ञ है जो कि जन कल्याण हेतु आचार्य कराते रहते है एवं शहर में एक अलग ही धार्मिक माहोल का निर्माण हो जाता आचार्य द्वारा जो सवा लाख रुद्र निर्माण का लक्ष्य रखा गया है उसको हम सब मिलकर शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं एवं पूरे क्षेत्रवासी यज्ञ में बढ़ चढ़ कर सहयोग कर रहे है यज्ञ में प्रातः से ही रुद्र निर्माण का कार्य आरंभ हो जाता है एवं ठीक 12 बजे से भारी मात्रा में महिलाएं बहने रुद्र अभिषेक करने पधार जाती है एवं ठीक 2 बजे से प्रवचन प्रारंभ हो जाते है जिसमें राम कथा का आयोजन हो रहा है यज्ञ संचालक एवं यज्ञाचार्य पंडित भैयाराम लहरिया ने बताया कि इस आठ दिवसीय यज्ञ में प्रतिदिन रुद्र निर्माण कार्य अभिषेक यज्ञ एवं राम कथा हो रही है ।

एक साल से बंद पड़ा काम छ माह से जली पड़ी विद्युत मोटरें

गांव में पेयजल आपूर्ति की बनी समस्या

तेंदूखेड़ा

शासन के द्वारा करोड़ों अरबों रुपए खर्च करके जल जीवन मिशन के माध्यम से नल जल योजनाओं के माध्यम से हर घर में पानी पहुंचाने की दिशा में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन इन योजनाओं पर बट्टा लगा रहे ठेकेदारों की कारगुजारियों को लेकर योजनाये अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पा रही है।आज ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति बनीं हुई है कि पेटी पर काम देकर ठेकेदार अपनी जवाबदेही भूल बैठे हैं। लाखों रुपए की लागत से बनने वाली पानीं की टंकियों के निर्माण कार्य सालों से बंद पड़े हुए हैं। इतना नहीं गांवों में जहां तहां से सड़कें खोदकर निर्धारित मापदंडों को छोड़कर पाइप लाइनें तो डाल दी गई है लेकिन उनकी पाइप लाइन की घटिया गुणवत्ता ऊपरी सतह पर पड़े रहने के कारण जहां तहां से टूट फूट गांव की गलियों में पानी का रिसाव परेशानी का कारण बना हुआ है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम सर्रा बंधी के सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्रा और बंधी गांव में पानी की टंकियों का निर्माण होना है लेकिन विगत एक साल से काम बंद पड़ा होने से पेयजल आपूर्ति सीधी ट्यूबवेल के गड्ढों से ही हो रही थी लेकिन पिछले छ माह से दोनों विद्युत मोटरें जली पड़ी होने के कारण गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। आने वाली गर्मी के समय में यह समस्या और भी विकराल रूप धारण करेगी लोगों को पेयजल आपूर्ति को लेकर परेशानी होगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व से ही बनीं है समस्या

चूंकि चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत लगभग सभी ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण कराया जा रहा लेकिन इनमें बहुत सी पंचायतों में निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। कहीं कहीं तो एक दो साल से काम बंद पड़े हुए हैं। यहां पर सबसे विसंगति पूर्ण स्तिथि यह बनीं हुई है कि यहां पर पी एच ई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया जाता है।जो विकासखण्ड का केवल कागजी आंकड़ा ही रखें हुए हैं उन्हें गांवों की धरातलीय स्थिति का वास्तविक ज्ञान नहीं है। जिसका फायदा ठेकेदार उठा रहे हैं। विसंगति पूर्ण स्तिथि को लेकर स्थानीय विधायक द्वारा विगत वर्ष वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराते हुए शीघ्र सुधार हेतु जोरदार पहल की थी।

झोतेश्वर मेले में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल समापन

गोटेगांव

तहसील क्षेत्र के परमहंसी गंगा आश्रम, झोतेश्वर आध्यात्मिक उत्थान मंडल एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का विधिवत समापन हुआ। इस शिविर में बड़ी संख्या में लगभग 2000 ग्रामीणों एवं आदिवासी अंचल के नागरिकों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधियों का लाभ लिया।समापन अवसर पर ब्रह्मलीन द्वी पीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज एवं भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरत्ना सिंह चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियाँ न केवल रोगों का उपचार करती हैं,बल्कि शरीर,मन और आत्मा के संतुलन के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविर दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ.आरएन पांडेय ने अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से सैकड़ों मरीजों को उचित परामर्श एवं औषधियाँ प्रदान की गईं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति पुरानी बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी है और इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी समुदाय को इन पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का लाभ पहुँचाना था।इस अवसर पर सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। समापन कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक एवं स्टाफ डॉ.रघुनंदन पाण्डेय,अंकिता त्रिपाठी,डॉ.बलवंत ठाकुर, डॉ.सुरत्ना सिंह चौहान (जिला आयुष अधिकारी), टीकाराम पटेल,बालसिंह मरावी,विजय भारती,मोहनलाल ठाकुर, मेरसिंह मेहरा,किरण प्रभा ठाकुर,रामबगस धुर्वे,पूनाबाई चडार का विशेष सहयोग रहा1